दिनांक 14 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सेक्टर 5 वार्ड 54 गणेश मंदिर सेंट्रल एवेन्यू से फॉरेस्ट एवेन्यू रोड तक वृहद वृक्षारोपण की हुई शुरुआत, महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव सहित तमाम लोगों ने किया वृक्षारोपण

आज दिन रविवार 14 जुलाई 2019 को समय प्रातः 10:00 बजे वार्ड क्रमांक 54 सेक्टर 5 गणेश मंदिर के पास सेंट्रल एवेन्यू से लेकर फॉरेस्ट एवेन्यू के दोनों तरफ रोड किनारे वृहद वृक्षारोपण की शुरुआत की गई लगभग 27 लाख की लागत से होने वाले सौंदर्यीकरण एवं वृहद वृक्षारोपण की शुरुआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भिलाई नगर एवं निगम के महापौर देवेंद्र यादव ने हरियाली को बढ़ाने हेतु संदेश देने के लिए हरा रंग के गुब्बारे को आसमान में छोड़कर पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा का संदेश दिया! सर्वप्रथम मंच पर विराजमान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेंद्र यादव , अध्यक्षता के के सिंह अधिशासी निदेशक भिलाई इस्पात संयंत्र , विशिष्ट अतिथि पीके घोष महाप्रबंधक नगर सेवा विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र, मोहन देशपांडे महाप्रबंधक नगर सेवा विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र!
इस कार्यक्रम को प्रमुख रूप से दिशा देने वाले नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी, वार्ड में होने वाले इस कार्यक्रम के आयोजन कर्ता नीरज पाल, कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व महापौर नीता लोधी, जोन अध्यक्ष सूर्यकांत सिन्हा इन सभी का स्वागत मोहल्ले के अनीता वर्मा स्पोर्ट्स खिलाड़ी रोहिणी, मधुस्मिता, मधु चौकसे, रजनी दवे कंचन ठाकरे , किसनू, ए देशमुख आदि ने पुष्प गुच्छ एवं पुष्प हार से किया! महापौर देवेंद्र यादव आयुक्त एसके सुंदरानी पूर्व महापौर नीता लोधी महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल एवं बीएसपी प्रबंधन के के.के. सिंह ने फूल चढ़ाकर नारियल फोड़कर पूजा करते हुए भूमि पूजन किया , कुदाली चलाकर कार्य की शुरुआत की तथा शिलान्यास पत्थर के माध्यम से कार्य की आधारशिला रखी! तत्पश्चात वृहद वृक्षारोपण के लिए सभी ने अपने नाम पट्टीका के आगे वृक्षारोपण किया जहां पर फॉक्सटेल पाम , फाइकस, गुलमोहर, अमलतास आदि के पेड़ लगाए जोकि अलग-अलग स्ट्रीट मैं अलग अलग तरह के पौधे होंगे जो अपनी प्रकृति के अनुसार पृथक से आकर्षित करेंगे! आयुक्त एसके सुंदरानी ने अपने उद्‌बोधन में कहा वृक्षारोपण एवं वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य में जनभागीदारी बहुत आवश्यक है , अधिक से अधिक वृक्षारोपण हो इसके लिए निगम भिलाई वृक्षारोपण पुरस्कार प्रतियोगिता मोर पेड़ मोर जिंनगानी का आयोजन भी कर रहे हैं जिसमें जनता की सहभागिता प्राप्त हो रही है, सभी क्षेत्रों में और अधिक से अधिक वृक्ष जनसहयोग से लगे यही अपेक्षा है!
बीएसपी के केके सिंह ने कहा अच्छे ऊंचाई वाले पौधे इस क्षेत्र में लगाए जा रहे हैं आने वाले भविष्य में यहां हमें सुखद अनुभव मिलेगा!
महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि बीएसपी के टाउनशिप में जो वातावरण आज महसूस करते हैं यह हमारे छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत की शान है इस अच्छे वातावरण में हम रह पा रहे हैं यह गर्व की बात है दूसरी तरफ भी इसी तरह का कार्य करेंगे 10000 के बड़े पौधे को लगाकर 3 साल तक के रखरखाव की दिशा में भी कार्य कर रहे हैं, सभी लोगों के सहयोग से यह कार्य संभव हो पाता है आगे भी सबके साथ मिलकर अच्छा करने का प्रयास करेंगे!

इसके बाद महापौर परिषद के सदस्य एवं वार्ड पार्षद नीरज पाल ने मंच पर उपस्थित सभी लोगों को स्मृति चिन्ह भेंट किया!

नीरज पाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा की हर कार्य की प्रक्रिया बहुत लंबी होती है परंतु कहीं न कहीं शुरुआत तो करनी होगी आज इसकी शुरुआत की है हर घर के सामने मोहल्ले वासियों से निवेदन करते हुए पांच पेड़ लगाने का सहमति प्राप्त हुआ है जिसे पूरा करने का प्रयास करेंगे और निगम द्वारा आयोजित वृक्षारोपण पुरस्कार प्रतियोगिता में सहभागिता निभाएंगे! सभी का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं जो इस कार्यक्रम में आए और वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं सौंदर्यीकरण कार्य मैं उपस्थित हुए! मंच संचालन शरद दुबे ने किया!

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव , नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी , बीएसपी प्रबंधन से मोहन देशपांडे , केके सिंह, पीके घोष, पार्षद एवं महापौर परिषद के सदस्य सूर्यकांत सिन्हा, पूर्व महापौर नीता लोधी, उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं टीपी लहरें अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र सिंह एवं आरके साहू, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जोन 5 के प्रभारी जोन आयुक्त संजय अग्रवाल , सहायक अभियंता विनीता वर्मा , उप अभियंता श्वेता महेश्वर एवं बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी तथा वार्ड की महिलाएं उपस्थित रही!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!